राज्यों तथा संघराज्य क्षेत्रों में विद्युतीकरण की प्रगति

387. श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राज्य वार तथा संघ राज्य क्षेत्र वार कितने कितने गांवों का विद्युतीकरण किया गया तथा कितने कितने गांव ऐसे है जहां अभी तक विद्युकीकरण नहीं हो पाया है ;

(ख) किस किस राज्य में कब कब पूर्ण विद्युकीकरण का लक्ष्य प्राप्त किया गया ; और

(ग) सभी राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्रों में पूर्ण विद्युतीकरण का लक्ष्य कब तक प्राप्त कर लेने का विचार ह ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन): (क) 31-3-77 की स्थिति के अनुसार विद्युतीकृत गांवों की तथ विद्युतीकृत होने के लिये बाकी रहे गावों की राज्यवार और संघ राज्य क्षेत्र वार संख्या को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है ।

(ख) हरियाणा और पंजाब के राज्यों और दिल्ली, चण्डीगढ़ तथा पाण्डिचेरी संघ राज्य क्षेत्रों ने नीचे दी गई तारीखों को 100 प्रतिशत ग्राम विद्युतीकरण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है :—

हरियाणा . .	अगस्त, 1972
पंजाब . .	मई, 1976
दिल्ली . .	1966-67
चण्डीगढ़ . .	मार्च, 1972
पाण्डिचेरी . .	मार्च, 1972

(ग) कोई भी लक्ष्य की तिथि निश्चित नहीं की गई है । तथापि विस्तृत परिप्रेक्ष्य में इसका निर्धारण करने के लिये राज्य बिजली बोर्डो को सलाह दी गई है ।

विवरण

31-3-77 की स्थिति के अनुसार राज्यवार तथा संघ राज्य क्षेत्र वार गांवों की कुल संख्या विद्युतीकृत गांवों की संख्या तथा विद्युतीकृत होने के लिए बाकी रहे गांव ।

क्रम सं०	राज्य संघ राज्य क्षेत्र	गांवों की कुल संख्या	31-3-1977 की स्थिति	
			विद्युतीकृत गांव	विद्युतीकृत होने के लिए बाकी रहे गांव
1	2	3	4	5
1.	आन्ध्र प्रदेश . .	27,221	13,496	13,725
2.	असम . .	21,995	1,997	19,998
3.	बिहार	67,566	18,160	49,406
4.	गुजरात	18,275	7,108	11,167
5.	हरियाणा	6,731	6,731	कुछ नहीं
6.	हिमाचल प्रदेश	16,916	7,246	9,670
7.	जम्मू और कश्मीर	6,503	2,829	3,674

1	2	3	4	5
8.	कर्नाटक	26,826	14,703	12,123
9.	केरल	1,268	– 1,212	56
10.	मध्य प्रदेश	70,883	13,829	57,054
11.	महाराष्ट्र	35,778	20,206	15,572
12.	मणिपुर	1,949	235	1,714
13.	मेघालय	4,583	338	4,245
14.	नागालैण्ड	960	199	761
15.	उड़ीसा	46,992	13,055	33,937
16.	पंजाब	12,188	12,126*	62(*)
17.	राजस्थान	33,305	8,361	24,944
18.	सिक्किम	215	25(क)	190
19.	तमिल नाडु	15,735	15,516	219
20.	त्रिपुरा	4,727	290	4,437
21.	उत्तर प्रदेश	1,12,561	32,831	79,730
22.	पश्चिम बंगाल	38,074	10,981	27,093
	जोड़ (राज्य)	5,71,251	2,01,474	3,69,777
1.	अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह	390	65	325
2.	अरूणाचल प्रदेश	2,973	63	2,910
3.	चण्डीगढ़	26	26	कुछ नहीं
4.	दादरा तथा नगर हवेली	72	35	37
5.	दिल्ली	243	243	कुछ नहीं
6.	गोवा, दमन तथा दीव	409	340	69
7.	लक्ष्य द्वीप	10	9	1
8.	मिजोरम	229	5(ख)	224
9.	पाण्डिचेरी	333	333	कुछ नहीं
	जोड़ (संघ राज्य क्षेत्र)	4,685	1,119	3,566
	जोड़—(अखिल भारत)	5,75,936	2,02,593	3,73,343

(*) पंजाब में 100 प्रतिशत ग्रामों का विद्युतीकरण हो चुका है । 62 गांवों को बिना आबादी का घोषित किया कर दिया गया है ।

(क) 31-12-1976 की स्थिति के अनुसार ।

(ख) 28-2-1977 की स्थिति के अनुसार ।